**राज्यपाल सचिवालय**
**राजभवन, जयपुर**

## जोधपुर स्थित विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक

## विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम अद्यतन की जल्द कार्यवाही हो– राज्यपाल

जयपुर, 2 सितंबर । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए कार्य करने के साथ ही वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमों को अद्यतन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों की राजभवन के स्तर पर निर्धारित कार्ययोजना को भी विश्वविद्यालयों द्वारा शीघ्र क्रियान्वित किए जाने के निर्देश विश्वविद्यालय कुलपतियों को दिए।

राज्यपाल श्री मिश्र ने शुक्रवार को जोधपुर के सदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालयों की विशेष समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालयों को अपने मानकों के अनुरूप रिक्त पदों के प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार स्तर पर भिजवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने स्तर पर आय सृजित करने के लिए भी कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों पर विशेष जोर देने के साथ ही विश्वविद्यालयों में युवा पीढ़ी को संविधान और उससे जुड़ी संस्कृति के प्रति भी जागरूक किए जाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने संविधान पार्क विकसित करने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारें में भी जानकारी ली।

श्री मिश्र ने विश्वविद्यालयों में सोलर उर्जा, जल संरक्षण के लिए कार्य करने के साथ ही ग्रीन परिसर विकसित किए जाने के लिए किए जा रहे कार्यो के बारे में भी विशेष जानकारी ली।

विश्वविद्यालयों द्वारा गांव गोद लेकर उनके विकास के बारे में भी उन्होंने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से विशेष संवाद किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के तहत विश्वविद्यालय अपने स्तर ऐसे गांवों का चयन करें, जहां पर विकास की संभावनाएं हैं। उन्होंने गांवों में शिक्षा के प्रसार, मूलभूत सुविधाओं के विकास और राज्य तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किए जाने के लिए भी विश्वविद्यालयों को जागरूक कर कार्य करने की हिदायत दी।

विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा, रेड क्रॉस इकाइयों के गठन के संबंध में भी चर्चा की गयी।

**पुलिस विश्वविद्यालय एवं एमबीएम विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू**

राज्यपाल श्री मिश्र की उपस्थिति में सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय एवं एमबीएम विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू किया गया। एमओयू के अंतर्गत पुलिस विश्वविद्यालय और एमबीएम विश्वविद्यालयों के मध्य शैक्षणिक तकनीकी, प्रशिक्षण और पाठ्यम अद्यतन से संबंधित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

बैठक में कुलपति, पुलिस विश्वविद्यालय डॉ. आलोक त्रिपाठी, कुलपति,एमबीएम विश्वविद्यालय प्रो. अजय शर्मा, कुलपति, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय प्रो. के.एल.श्रीवास्तव, कुलपति,आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्रो. अभिमन्यु कुमार तथा राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी डॉ. गोविन्द जयसवाल उपस्थित रहे।

पुलिस विश्वविद्यालय के नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का शुभारंभ

राज्यपाल श्री मिश्र ने पुलिस विश्वविद्यालय के नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का शुभारंभ किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव लोरड़ी पंडित जी एवं रलावास के विद्यालयों से आए छात्र छात्राओं में सेंटर फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन की ओर से स्कूल बैग, नोटबुक और स्टेशनरी का सामान वितरित किया।

-----